आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 02.08.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- द्वीपसमूह के चार ऐतिहासिक स्थल भूवैज्ञानिक विरासत स्थल के रूप में घोषित किए जाएंगे।
- कृषि विभाग द्वारा द्वीपों के विभिन्न ब्लॉकों में फार्म स्कूल और खरीफ अभियान गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है।
- सांसद बिष्णु पद रे ने गृह मंत्रालय के अपर सचिव से मुलाकात की– द्वीपों के कई मुद्दों की स्थिति की समीक्षा की गई।
- पाइप लाइन मरम्मत करने के कार्य के चलते आज और कल लम्बालाइन और गाराचरमा जल उपचार संयंत्र से जलापूर्ति प्रभावित होने की संभावना।

<><><><><><><>

खान मंत्रालय की ओर से द्वीपसमूह के कुछ स्थानों को भू–विरासत स्थलों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, ताकि देश–विदेश से आने वाले पर्यटकों को यहां के वास्तविक अतीत की जानकारी मिल सके। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने प्रशासन के साथ मिलकर अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में चार भू–विरासत स्थलों के भूवैज्ञानिक महत्व को उजागर किया है, जिसमें बाराटांग स्थित मड वॉल्कनों, शहीद द्वीप का नैचुरल कोरल ब्रिज, बैरन आइलैंड और नारकोंडम द्वीप शामिल हैं। कला और संस्कृति विभाग इस संबंध में नोडल एजेंसी के रूप में काम कर रहा है। पश्चिम बंगाल और अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के उप महानिदेशक डॉ. शांतनु भट्टाचार्य के नेतृत्व में जी एस आई के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम ने हाल ही में इन द्वीपों का दौरा किया और इन भू–विरासत स्थलों का निरीक्षण किया।

<><><><><><><>

केंद्रशासित प्रदेश कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी कृषि विभाग के सहयोग से, द्वीपसमूह के विभिन्न ब्लॉकों में फार्म स्कूल और खरीफ अभियान गतिविधियाँ आयोजित कर रही है। इसी सिलसिले में कल मायाबंदर ब्लॉक के रामपुर गाँव में सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें खेत की तैयारी और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, यूटीआत्मा के पदाधिकारी, और किसान मित्र उपस्थित थे। इसके अलावा, कार निकोबार के टीटॉप गाँव में भी खरीफ अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान, किसानों को जायफल के पौधे और कीटनाशक दवाईयां वितरित की गईं।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय के विज्ञान विंग की ओर से आयोजित अटल टिंकरिंग लैब प्रभारियों के लिए 05 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल समापन हो गया। इस अवसर पर उप शिक्षा निदेशक, योजना अर्चना सिंह मुख्य अतिथि थी। उन्होंने अपने संबोधन में सभी 20 अटल टिंकरिंग लैब प्रभारियों को छात्रों में नवाचार की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्कूलों में एक ऐसा माहौल बनाने की आवश्यकता पर बल दिया, जहाँ छात्रों को अपने नवीन विचारों को कार्यशील मॉडल में बदलने के लिए प्रेरित किया जा सके। इससे पहले, शिक्षा उप–निदेशक, विज्ञान राम प्रवेश ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की। कार्यक्रम में सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, हैडो के उप प्रधानाचार्य आर. सेतुकरई ने भी अपने विचार साझा किए। प्रशिक्षण में प्रभारियों द्वारा 20 नए अभिनव परियोजना विचार विकसित किए गए।

<><><><><><><>

फरारगंज पंचायत समिति के उप–प्रमुख सिमसन ने डंडस प्वाइंट से श्री विजयपुरम के बीच बस सेवा फिर से शुरू किए जाने की मांग की है। परिवहन सचिव को लिखे अपने पत्र में उन्होंने कहा कि पहले इस मार्ग पर राज्य परिवहन की सेवा उपलब्ध थी, लेकिन कुछ समय पूर्व इस सेवा को बंद कर दिया गया है, जिससे आम लोगों खासकर विद्यार्थियों और वरिष्ठ नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए उप–प्रमुख ने परिवहन विभाग से बस सेवा पुनः बहाल करने का आग्रह किया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान हेतु सांसद बिष्णु पद रे ने कल नई दिल्ली में गृह मंत्रालय के अपर सचिव, गृह से मुलाकात की। बैठक के दौरान, सांसद ने गृह मंत्रालय के समक्ष पहले उठाए गए कई मुद्दों की स्थिति की समीक्षा की और उनके शीघ्र समाधान का अनुरोध किया।

उन्होंने स्थानीय उम्मीदवारों के लिए निवास–आधारित नौकरी आरक्षण नीति बनाने और केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में पहले से लागू प्रावधानों के अनुरूप अराजपत्रित समूह और समूह 'सी' पदों पर भर्ती के लिए आयु सीमा को 40 वर्ष तक बढ़ाने की मांग की। इसके अलावा, सांसद ने प्रशासन द्वारा हाल ही में प्रस्तावित मनरेगा कर्मचारियों के वेतन संशोधन को शीघ्र मंजूरी देने का भी आग्रह किया। उन्होंने 5वें केंद्र शासित प्रदेश वित्त आयोग की सिफारिशों की वर्तमान स्थिति के बारे में भी जानकारी ली। अपर सचिव ने इन मुद्दों की जाँच और विचार करने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

धन्नीखाड़ी बांध से लम्बालाइन जल उपचार संयंत्र तक 2 ग्रेविटी मेन लाइन स्थानांतरित करने का कार्य प्रगति पर है। इस सिलसिले में आज और कल लम्बालाइन और गाराचरमा जल उपचार संयंत्र से जलापूर्ति प्रभावित होने की संभावना है। इस दौरान नगरपालिका क्षेत्र में भी जलापूर्ति प्रभावित हो सकती है। श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के अधिकारियों से जलापूर्ति की योजना बनाने का अनुरोध किया गया है। आम जनता से भी जल संरक्षण और पेयजल का किफायती उपयोग करने की सलाह दी गई है। जवाहर सरोवर से टैंकर से जलापूर्ति उपलब्ध रहेगी।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जुलाई में डेंगू विरोधी माह मनाया गया। इस उपलक्ष्य में दक्षिण अंडमान जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में एक पोस्टर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य उप निदेशक, मलेरिया डॉ. बी. अजीत कुमार ने डेंगू बुखार और उसके लक्षण व संकेतों पर जानकारी दी। साथ ही उन्होंने डेंगू बुखार को नियंत्रित करने और उसकी रोकथाम के लिए समुदाय में जागरूकता फैलाने का भी आग्रह किया। इस प्रतियोगिता में 18 विद्यार्थियों ने भाग लिया। पहले तीन विजेताओं को पांच हजार, तीन हजार और दो हजार रूपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा पांच सौ रूपये के दो सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के सहयोग से वंडूर और हम्फ्रीगंज पंचायतों में पशु चिकित्सा स्वास्थ्य–सह–बांझपन शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य मवेशियों में बांझपन की समस्याओं का समाधान करना था। शिविर के दौरान, 165 मवेशियों की जाँच की गई। इनमें से 10 पशुओं का प्रजनन संबंधी विकारों के लिए उपचार किया गया।

<><><><><><><>

मुख्यभूमि के संस्थानों में द्वीपसमूह के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर और फार्मेसी पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों के आवंटन के लिए CSAB NEUT की स्पॉट राउंड काउंसलिंग ग्यारह अगस्त को आयोजित की जाएगी। काउंसिलिंग टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में सुबह 10 बजे से किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेज़ सचिवालय के विकास–चार अनुभाग में आठ अगस्त शाम पांच बजे तक जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

द्वीपों में भू–पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चार भू–विरासत स्थलों का भूवैज्ञानिक महत्व उजागर–सुर्खी के साथ द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा अखबार ने पांच लक्जरी इको रिसॉर्ट्स बनाए जाने के फैसले के समाचार को भी प्रमुखता दी है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने के समाचार को अपनी पहली हेडलाइन बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। स्वराज द्वीप में वन विभाग द्वारा 76वें वन महोत्सव के समापन के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने अपने भीतर के पृष्ठ में, जबकि अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा आयुष अस्पताल के कर्मचारियों के लिए पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को इंफो इंडिया में जगह मिली है।

<><><><><><><>